**WEB – NOTICE**

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
## JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**PROGRAMME FOR ANNUAL SECONDARY & INTERMEDIATE ARTS, SCIENCE & COMMERCE THEORY/PRACTICAL EXAMINATION, 2024**

**वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) सैद्धान्तिक/व्यावहारिक परीक्षा, 2024**

## परीक्षा कार्यक्रम (Examination Programme)

| | माध्यमिक/Secondary | इंटरमीडिएट/Intermediate |
|---|---|---|
| **Date & Days** | **1st Sitting 9.45 A.M. – 1.00 P.M.** | **2nd Sitting 2.00 P.M. – 5.15 P.M.** |
| **06.02.2024 Tuesday** | IIT & Other Vocational subjects (Question-Answer Booklet - 9.45 A.M. to 12.30 P.M.) | Vocational Subjects - I.A., I.Sc. & I. Com. |
| **07.02.2024 Wednesday** | Commerce/Home Science<br>वाणिज्य/गृह विज्ञान | Compulsory Core Language - I.A.<br>Hindi 'A', Hindi 'B' + Matribhasha & English 'A' |
| **08.02.2024 Thursday** | Kharia/Khortha/Kurmali/Nagpuri/Panch Pargania<br>खड़िया/खोरठा/कुरमाली/नागपुरी/पंच परगनिया | Compulsory Core Language - I.Sc. & I. Com.<br>Hindi 'A', Hindi 'B' + Matribhasha & English 'A'<br>Music - I.A. |
| **09.02.2024 Friday** | Arabic/Persian/Ho/Mundari/Santhali/Oraon<br>अरबी/फारसी/हो/मुण्डारी/संथाली/उरांव | Elective Language (Compulsory) - I.A.<br>Additional Language - I.Sc. & I.Com. |
| **10.02.2024 Saturday** | Urdu/Bengali/Oriya<br>उर्दू/बंगला/उड़िया | Economics - I.Sc. & I.Com.<br>Anthropology - I.A. |
| **12.02.2024 Monday** | Social Science<br>सामाजिक विज्ञान | Geography - I.A.<br>Computer Science - I.Sc. & I.Com. |
| **13.02.2024 Tuesday** | Music<br>संगीत | History - I.A. |
| **16.02.2024 Friday** | Mathematics<br>गणित | Physics - I.Sc.<br>Accountancy - I.Com. |
| **17.02.2024 Saturday** | ........................ | Economics - I.A. |
| **19.02.2024 Monday** | Hindi (Course A & Course B)<br>हिन्दी "ए" और हिन्दी "बी" | Biology (Botany+Zoology) - I.Sc.<br>Business Mathematics - I.Com.<br>Sociology - I.A. |
| **20.02.2024 Tuesday** | ........................ | Geology - I.Sc.<br>Business Studies - I.Com.<br>Psychology - I.A. |
| **21.02.2024 Wednesday** | Science<br>विज्ञान | Mathematics/Statistics - I.A., I.Sc. & I. Com. |
| **22.02.2024 Thursday** | ........................ | Philosophy - I.A. |
| **23.02.2024 Friday** | Sanskrit<br>संस्कृत | Chemistry - I.Sc.<br>Entrepreneurship - I.Com.<br>Home Science - I.A. |
| **26.02.2024 Monday** | English<br>अंग्रेजी | Political Science - I.A. |

- वर्ष 2024 की माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएँ एक ही टर्म में आयोजित की जाएगी।
- माध्यमिक परीक्षा का संचालन प्रश्न–सह–उत्तरपुस्तिका के माध्यम से तथा इंटरमीडिएट परीक्षा का संचालन 24 पृष्ठों की सादी उत्तरपुस्तिका के माध्यम से आयोजित की जाएगी। ओ0एम0आर0 शीट के माध्यम से निर्धारित परीक्षा आयोजन की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।
- वर्ष 2024 की माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकृति के 30% अंकों के प्रश्न, लघु–उत्तरीय, दीर्घ–उत्तरीय, आदि प्रकृति के 50% अंकों के प्रश्न तथा शेष 20% अंक आन्तरिक मूल्यांकन के लिए निर्धारित किया गया है।
- बहुविकल्पीय प्रश्नों में चार विकल्प (A, B, C & D) सही उत्तर के चयन हेतु दिए जायेंगे। इनमें से सही विकल्प के साथ–साथ उसमें अंकित उत्तर को भी उत्तरपुस्तिका में लिखना आवश्यक होगा। यथा–
  प्रश्न संख्या – 1. (A) ABC (B) MNO (C) PQR (D) TUV
  यदि प्रश्न संख्या – 1. का उत्तर (C) सही होगा, तो परीक्षार्थी को उत्तरपुस्तिका पर प्रश्न संख्या– 1.– (C) PQR के रुप में उत्तर लिखना आवश्यक होगा।

परीक्षार्थी बहुविकल्पीय प्रकृति (MCQ), लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय, आदि प्रकृति के प्रश्नों के उत्तर परिषद् द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रश्न–सह–उत्तरपुस्तिका (माध्यमिक परीक्षा के लिए) एवं सादी उत्तरपुस्तिका (इंटर परीक्षा के लिए) पर ही अंकित करेंगे, अर्थात् परिषद् द्वारा प्रश्न–सह–उत्तरपुस्तिका/सादी उत्तरपुस्तिका ही उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें प्रश्नों का उत्तर अंकित करना अनिवार्य होगा।

नोट :– विज्ञप्ति संख्या– 62/2023 की अन्य परीक्षा कार्यक्रम एवं शर्तें यथावत् रहेगी।

Jharkhandlab.com

इंटरमीडिएट स्तर के गैर–भाषायी विषयों की परीक्षा में देवनागरी/रोमन/बंगला/उर्दू/उड़िया **(Hindi/English/Bangla/Urdu/Oriya)** लिपि में लिखी गई उत्तरपुस्तिकायें ही मान्य होगी। **HNB – MB के छात्र/छात्राओं द्वारा दो अलग–अलग सादी उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाएगा। उक्त दोनों उत्तरपुस्तिका की क्रम संख्या उपस्थिति पत्रक में भी दर्ज करना अनिवार्य होगा। Biology विषय के लिए एक–ही उत्तरपुस्तिका का उपयोग किया जाएगा।**

## आवश्यक निर्देश

परीक्षार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने के लिए माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के प्रश्न पत्र अवलोकन हेतु कुल 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 का आयोजन उत्तरपुस्तिका के माध्यम से किया जाना है। माध्यमिक परीक्षा के लिए प्रश्न–सह–उत्तरपुस्तिका आधारित परीक्षा 9:45 A.M. से 1:00 P.M. तक ली जाएगी। इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए उत्तरपुस्तिका आधारित परीक्षा 2:00 P.M. से 5:15 P.M. तक ली जाएगी।
(माध्यमिक परीक्षा **दिनांक 06.02.2024 से 26.02.2024 तक प्रथम पाली** में एवं इंटरमीडिएट परीक्षा **दिनांक 06.02.2024 से 26.02.2024 तक द्वितीय पाली में** होगी।)

(1) माध्यमिक परीक्षा, 2024 के प्रवेश पत्र **दिनांक 25.01.2024** से एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के प्रवेश पत्र **दिनांक 25.01.2024** से परिषद् के वेबसाइट www.jac.jharkhand.gov.in/jac के माध्यम से विद्यालय/महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा डाउनलोड किए जायेंगे। Download किये गये प्रवेश पत्र को संबंधित परीक्षार्थी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। **माध्यमिक एवं इंटर परीक्षा** के लिए उपस्थिति पत्रक, रोलशीट एवं परीक्षा संबंधित अन्य प्रपत्रों का वितरण जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से दिनांक **01.02.2024 से** किए जायेंगे। विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधानों एवं केन्द्राधीक्षकों से अनुरोध है कि वे स्वयं अथवा अधिकृत दूत के द्वारा उक्त सामग्री निर्धारित स्थान से प्राप्त कर लेंगे।

(2) माध्यमिक परीक्षाओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा दिनांक **28.02.2024 से 11.03.2024** तक संबंधित विद्यालय के द्वारा ली जायेगी। विद्यालय प्रधानों से अनुरोध है कि अपने विद्यालय की प्रायोगिक परीक्षा का प्रश्न पत्र संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से विशेष दूत के द्वारा निश्चित रुप से दिनांक **24.02.2024 से 27.02.2024** तक प्राप्त कर लेंगे। छात्र/छात्राओं को प्रायोगिक परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकाओं की व्यवस्था संबंधित विद्यालयों द्वारा करायी जायेगी।

(3) इंटरमीडिएट विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के लिए प्रायोगिक परीक्षा की तिथि **28.02.2024 से 11.03.2024** तक दोनों पालियों में आयोजित की जाएगी। परिषद् से प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित सामग्री प्राप्त करने की तिथि **24.02.2024 से 27.02.2024** तक रहेगी।

(4) माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के लिए प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण विद्यालय/महाविद्यालय परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in/jac के माध्यम से ऑनलाइन करेंगे। इस हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश परिषद् के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

**प्रायोगिक परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का संधारण हेतु निर्धारित कार्यक्रम**

- माध्यमिक परीक्षा के लिए – दिनांक 29.02.2024 से 12.03.2024 तक।
- इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए – दिनांक 29.02.2024 से 12.03.2024 तक।

सभी विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान से अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट पर दिए गए दिशा–निर्देश के आलोक में संबंधित छात्र–छात्राओं के प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के विषयवार अंकों का ऑनलाइन संधारण करना सुनिश्चित किया जाय। संधारित किये गये Consolidated list की एक प्रति विद्यालय प्रधान अपने पास सुरक्षित रखेंगे एवं एक प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में जमा करेंगे। ऑनलाइन प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान जिम्मेवार होंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी उक्त Consolidated list की प्रति परिषद् कार्यालय को आवश्यक रूप से हस्तगत कराने का कष्ट करेंगे।

नोट :– (1) **डाक/कुरियर द्वारा प्रायोगिक परीक्षा से संबंधित भेजा गया कोई भी प्रपत्र या कागजात स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

(2) **यदि परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित होंगे तो उन्हें इस अवधि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु कोई भी अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा एवं उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा।**

(3) **प्रायोगिक परीक्षा एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि ससमय किया जाना आवश्यक होगा। निर्धारित अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त अंकों की स्वीकृति दी जायेगी। ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि नहीं किए जाने के कारण संबंधित छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल प्रभावित होगा, जिसकी सारी जिम्मेवारी विद्यालय/महाविद्यालय प्रधान की होगी।**

Jharkhandlab.com